# बिहार सरकार
# पथ निर्माण विभाग

प्र०–10 / प्राक०–02–96 / 2025–**1908 (s),पटना, दिनांक–05.03.25 का प्रतिस्थानी आदेश :**

प्र0–11 / प्राक0–08–01 / 2026 पटना, दिनांक :

अनौपचारिक
रूप से
परामर्शित

सेवा में,

महालेखाकार बिहार,
पटना।

द्वारा :- वित्त विभाग।

**विषयः**– प्रगति यात्रा के आलोक में पथ प्रमंडल सं०–01, औरंगाबाद अंतर्गत गया–औरंगाबाद भाया परैया, गुरारू, रफीगंज (पार्ट-B) के कि.मी. 27.80 से कि.मी. 64.170 तक पथ कें चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु कुल राशि 13774.27 लाख (एक सौ सैतीस करोड़ चौहत्तर लाख सताइस हजार) मात्र रूपये के अनुमानित व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

**आदेशः** प्रगति यात्रा के आलोक में पथ प्रमंडल सं०–01, औरंगाबाद अंतर्गत गया–औरंगाबाद भाया परैया, गुरारू, रफीगंज (पार्ट-B) के कि.मी. 27.80 से कि.मी. 64.170 तक पथ कें चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु कुल राशि 13774.27 लाख (एक सौ सैतीस करोड़ चौहत्तर लाख सताइस हजार) मात्र रूपये के अनुमानित व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विषयगत कार्य की निविदा प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् सम्पादित किया जाएगा। अन्य विभागों से अधिग्रहित पथों के मामले में पथ का विधिवत हस्तानान्तरण के पश्चात् तथा यदि किसी पथ / पथांश में संबंधित विभाग द्वारा कार्य कराया गया है तो उसके DLP के बाद ही कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय।

3. बजट व्यय शीर्ष "5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय – 03– राज्य राजमार्ग–337–सड़क निर्माण कार्य–0102 वृहद सड़कें– मत्तदेय" विपत्र कोड–41-5054033370102 एवं बजट व्यय शीर्ष "5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय – 03– राज्य राजमार्ग–789– अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–0101 वृहद सड़कें–मतदेय" विपत्र कोड – 41-5054037890101 / BSRDCL द्वारा उपलब्ध कराये गये राशि अन्तर्गत विकलनीय होगा।

4. विषयगत कार्यों का कार्यान्वयन बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना द्वारा कराया जायेगा। अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (मुख्यालय / लेखा), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना कार्य के निमित्त निकासी पदाधिकारी होंगे, जो राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, नेहरू पथ (बेली रोड) पटना से करेंगे एवं बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना को उपलब्ध करायेंगे।



D

मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना द्वारा निर्दिष्ट उप महाप्रबंधक (तक॰) कार्य के निमित्त व्ययन पदाधिकारी होंगे।

5. विषयगत कार्यों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किया जाता है :–

| वर्ष | बजट व्यय शीर्ष | | वित्तीय लक्ष्य (लाख रू0 में) | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| | विपत्र कोड **41-5054033370102** | विपत्र कोड **41-5054037890101** | | |
| 2024–25 | 551.00 | 138.00 | 689.00 | लगभग 5 प्रतिशत कार्य पूर्ण करना। |
| 2025–26 | 8816.00 | 2204.00 | 11020.00 | लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण करना। |
| 2026–27 | 1652.00 | 413.27 | 2065.27 | शेष कार्य पूर्ण करना। |
| कुल | **11019.00** | **2755.27** | **13774.27** | |

6. मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना एवं मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना विषयगत कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से प्रतिमाह समीक्षा करेंगे।

7. इसकी सूचना प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना / अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, मगध अंचल, गया / कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, औरंगाबाद / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दे दी जाय।

8. मूल प्रस्ताव पर लोक वित्त समिति की सहमति प्राप्त है।

9. मूल प्रस्ताव पर वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 12888 / वि0, दिनांक 03.12.2024 के आलोक में प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति संचिका के पृष्ठ संख्या पृ0–10 / टि0 पर दिनांक–25.02.2025 को प्राप्त है।

10. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका के पृ0–20 / टि0 पर दिनांक–12.06.2026 को प्राप्त है।

ह0/–

**( दीपेश कुमार )**
**संयुक्त सचिव( प्र0को0 ),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

प्र०–10 / प्राक०–02–96 / 2025–**1908 (s),पटना, दिनांक–05.03.25 का प्रतिस्थानी आदेश :**

ज्ञाप सं0–प्र0–11 / प्राक0–08–01 / 2026 पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, औरंगाबाद / कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार विश्वेश्वरैया भवन, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह0/–

**( दीपेश कुमार )**
**संयुक्त सचिव( प्र0को0 ),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

D:\New folder\2019-20 (SB)\2025-2026 South Bihar-------------\2026\Pratisthani Aadesh\South\Pritisthani adesh Road South.docx

प्र०—10 / प्राक०—02—96 / 2025—**1908 (s)**,पटना, दिनांक—05.03.25 का प्रतिस्थानी आदेश :

ज्ञाप सं0—प्र0—11 / प्राक0—08—01 / 2026 पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :-वित्त विभाग (आय-व्ययक शाखा), पटना/सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना /प्रमंडलीय आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया /जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह0/-

**( दीपेश कुमार )**
**संयुक्त सचिव( प्र0को0 ),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

प्र०—10 / प्राक०—02—96 / 2025—**1908 (s)**,पटना, दिनांक—05.03.25 का प्रतिस्थानी आदेश :

ज्ञाप सं0—प्र0—11 / प्राक0—08—01 / 2026 पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :- प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता, अनुश्रवण उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना/ अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, मगध अंचल, गया/ कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, औरंगाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

2. मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, मगध अंचल, गया विषयगत कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व डिजाईन, प्राक्कलन की जाँच के उपरान्त प्राक्कलन का प्रावैधिक स्वीकृति अविलम्ब प्रदान करेंगे।

3. प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, गया इस कार्य की मासिक वित्तीय एवं भौतिक प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना /मुख्य अभिंयता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/-

**( दीपेश कुमार )**
**संयुक्त सचिव( प्र0को0 ),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

प्र०—10 / प्राक०—02—96 / 2025—**1908 (s)**,पटना, दिनांक—05.03.25 का प्रतिस्थानी आदेश :

ज्ञाप सं0—प्र0—11 / प्राक0—08—01 / 2026 पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :-माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव /सचिव, पथ निर्माण विभाग/ संयुक्त सचिव (प्र0को0), पथ निर्माण विभाग /आं0वि0स0, पथ निर्माण विभाग/ सरकार के संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार / सचिव(प्रावैधिक) अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग/ मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना), पथ निर्माण विभाग/ कार्यपालक अभियंता, योजना-2, पथ निर्माण विभाग / अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ /अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ/प्रशाखा पदाधिकारी, आय-व्ययक प्रशाखा-9/प्रशाखा-10 एवं 11, पथ निर्माण विभाग, पटना / मीशु मनीषा कुमारी, पी0एम0यु0 लीड, पथ निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह0/-

**( दीपेश कुमार )**
**संयुक्त सचिव( प्र0को0 ),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

D:\New folder\2019-20 (SB)\2025-2026 South Bihar--------------\2026\Pratisthani Aadesh\South\Pritisthani adesh Road South.docx

प्र०–10 / प्राक०–02–96 / 2025–**1908 (s),पटना, दिनांक–05.03.25 का प्रतिस्थानी आदेश :**

ज्ञाप सं0–प्र0–11 / प्राक0–08–01 / 2026 4291 (S) पटना, दिनांक : 23/6/26

प्रतिलिपि :–आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23.06.2026

**( दीपेश कुमार )**
**संयुक्त सचिव( प्र0को0 ),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

D:\New folder\2019-20 (SB)\2025-2026 South Bihar--------------\2026\Pratisthani Aadesh\South\Pritisthani adesh Road South.docx